हिन्दी

अध्याय-12: आषाढ़ का पहला दिन

SHIVOM CLASSES 8696608541

- भवानी प्रसाद मिश्र

NCERT SOLUTIONS

पाठ से प्रश्न (पृष्ठ संख्या 83)

प्रश्न 1 किसान को बादलों का इंतजार क्यों रहता है?

उत्तर- वर्षा होने पर धरती की प्यास बुझेगी और किसान की फसल को भी पानी मिलेगा जिससे उसकी खेती लहलहा उठेगी इसीलिए किसान को बादलों का इंतजार रहता है।

प्रश्न 2 वर्षा होने पर धरती की प्यास बुझेगी और किसान की फसल को भी पानी मिलेगा जिससे उसकी खेती लहलहा उठेगी इसीलिए किसान को बादलों का इंतजार रहता है।

उत्तर- किसान बेसब्री से अपनी सूखी फसल के लिए भगवान से प्रार्थना करता है और उसकी प्रार्थना से प्रसन्न होकर भगवान बारिष करते हैं। इसीलिए कवि को वर्षा होने पर किसान की याद आती है।

प्रश्न 3 कवि ने किसान की तुलना चातक पक्षी से क्यों की है?

उत्तर- जिस प्रकार चातक पक्षी अपनी अंतिम साँस तक स्वाति नक्षत्र में होने वाली बारिष की प्रतीक्षा करता है और बारिष होने पर ऐसा लगता है मानो उसकी तपस्या पूरी हो गई हो ऐसा ही किसान को भी लगता है। इसीलिए कवि ने किसान की तुलना चातक पक्षी से की है।

पाठ से आगे प्रश्न (पृष्ठ संख्या 83)

प्रश्न 1 कवि ने कविता में वर्षा ऋतु का वर्णन किया है। वर्षा ऋतु के बाद कौन-सी ऋतु आती है? उसके बारे में। अपना अनुभव बताओ।

उत्तर- वर्षा ऋतु के बाद शरद ऋतु आती है। इसके आते ही लोगों के शरीर गर्म कपड़ों से ढंकने लगते हैं। और ठंड के साथ दिन पर दिन ये बढ़ते ही जाते हैं।

SHIVOM CLASSES 8696608541

प्रश्न 2 वर्षा ऋतु से पहले लोग क्या-क्या तैयारियाँ करते हैं? उनमें से कुछ लोगों के बारे में जानकारी एकत्र कर सूची बनाओ।

उत्तर- वर्षा ऋतु से पहले लोग अपने घर की मरम्पमत टूट-फूट सही करवाते हैं जिससे कि बारिष में उनका घर न टपके और इससे बचने के लिए छाता और बरसाती भी तैयार कर लेते हैं।

सोचो समझो और बताओ प्रश्न (पृष्ठ संख्या 84)

प्रश्न 1 अगर वर्षा बिलकुल ही न हो।

उत्तर- अगर वर्षा बिलकुल ही न हो तो सारी धरती सूख जाएगी, सारी फसल नष्ट हो जाएगी, लोग त्राहि-त्राहि करने लगेंगे।

प्रश्न 2 अगर वर्षा बहुत अधिक हो।

उत्तर- अगर वर्षा बहुत अधिक हो तो धरती पर चारों ओर जल ही जल हो जाएगा सारा जीवन अस्त-व्यस्त हो जाएगा।

प्रश्न 3 अगर वर्षा बहुत ही कम हो।

उत्तर- अगर वर्षा बहुत ही कम हो तो धरती पर सूखा पड़ जाएगा लोगों को खाने के लिए पर्याप्त अनाज नहीं मिल सकेगा। पक्षी ओर जानवर प्यासे मरने लगेंगे।

प्रश्न 4 वर्षा हो मगर ऑधी-तूफान के साथ हो।

उत्तर- आँधी-तूफान के साथ वर्षा होने से धरती पर का सारा जीवन अस्त-व्यस्त हो जाएगा जान-माल का काफी नुकसान होगा।

प्रश्न 5 वर्षा हो मगर तुम्हारे स्कूल में छुट्टियाँ हों।

उत्तर- वर्षा हो और हमारे स्कूल की छुट्टियाँ हो तो कुछ बच्चे मौज मनाएंगे और कुछ बच्चे दुखी होंगे कि एक छुट्टी कम हो गई।

SHIVOM CLASSES 8696608541

SHIVOM CLASSES - WhatsApp for Notes (8696608541)

नमूने के अनुसार प्रश्न (पृष्ठ संख्या 84)

प्रश्न 1 नीचे शब्दों के बदलते रूप को दर्शाने वाला नमूना दिया गया है। उसे देखो और अपनी सुविधानुसार तुम भी दिए गए शब्दों को बदलो।

नमूना - गिरना – गिराना – गिरवाना

उठना	-	-
पढ़ना	-	-
करना	-	-
फहरना	-	-
सुनना	-	-

उत्तर-

उठना	उठाना	उठवाना
पढ़ना	पढ़ाना	पढ़वाना
करना	कराना	करवाना
फहरना	फहराना	फहरवाना
सुनना	सुनाना	सुनवाना

SHIVOM CLASSES 8696608541